


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## परिसीमन पर DMK का विरोध तेज, स्टालिन ने दी आंदोलन की चेतावनी



Tamil Nadu में सत्तारूढ़ Dravida Munnetra Kazhagam (DMK) ने केंद्र सरकार की प्रस्तावित परिसीमन योजना का कड़ा विरोध शुरू कर दिया है। योजना के तहत जनसंख्या के आधार पर लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर करीब 850 करने का प्रस्ताव है। दक्षिणी राज्यों को आशंका है कि इससे उनकी संसदीय हिस्सेदारी प्रभावित हो सकती है। मुख्यमंत्री M. K. Stalin ने कहा कि यदि जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण किया गया तो तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व घट सकता है और यह संघीय ढांचे के खिलाफ होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार इस दिशा में आगे बढ़ती है तो DMK बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। वहीं विपक्षी नेता Edappadi K. Palaniswami ने कहा कि परिसीमन से राज्य को नुकसान नहीं होगा। अनुमानों के मुताबिक तमिलनाडु की सीटें 39 से बढ़कर लगभग 50 हो सकती हैं, जबकि Uttar Pradesh की सीटें 80 से बढ़कर 140 से ज्यादा हो सकती हैं। बढ़ते राजनीतिक विवाद के बीच केंद्र सरकार विशेष सत्र में विधेयक पेश कर सकती है।

## अमरावती कांड: 180 लड़कियों के यौन शोषण मास्टरमाइंड समेत दो गिरफ्तार



महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सामने आए इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने एक युवक अयान अहमद को गिरफ्तार किया है, जिस पर 180 लड़कियों के यौन शोषण और 350 आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का गंभीर आरोप है। जांच में सामने आया है कि आरोपी लड़कियों को झांसे में लेकर उनका शोषण करता था और उनके वीडियो रिकॉर्ड कर उन्हें अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करता था। इस मामले में पुलिस ने एक और आरोपी उजेर खान को भी हिरासत में लिया है और पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को शक है कि यह कोई संगठित गिरोह हो सकता है जो लंबे समय से सक्रिय था। कई पीड़िताओं की पहचान की जा चुकी है, जबकि बाकी की पहचान की प्रक्रिया जारी है और उनसे संपर्क किया जा रहा है। साइबर टीम डिलीट किए गए डेटा को रिकवर करने में जुटी है ताकि और बड़े खुलासे सामने आ सकें। महाराष्ट्र सरकार ने मामले को गंभीर मानते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और पुलिस को स्वतः संज्ञान लेकर जांच तेज करने को कहा गया है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि पीड़िताओं की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## उद्धव गुट का बड़ा हमला

### खेल मैदानों पर होटल-मॉल बनाने की योजना पर बवाल



मुंबई में खेल के लिए आरक्षित जमीन के 30% हिस्से पर होटल और मॉल बनाने की महायुति सरकार की नीति को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। उद्धव ठाकरे गुट ने इस फैसले को "बिल्डर स्पोर्ट्स पॉलिसी" बताते हुए आरोप लगाया है कि यह योजना सीधे तौर पर बिल्डरों और राजनीतिक हितों को फायदा पहुंचाने के लिए लाई गई है।पार्टी का कहना है कि इससे मुंबई की खेल संस्कृति को गहरा नुकसान होगा और शहर के खुले मैदान धीरे-धीरे खत्म होते चले जाएंगे।सामना में प्रकाशित संपादकीय में दावा किया गया है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को दरकिनार कर बैकडोर से कमर्शियल प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा दे रही है।नई नीति के तहत इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 70% जमीन खेल गतिविधियों के लिए और 30% जमीन होटल, मॉल और अन्य व्यावसायिक उपयोग के लिए दी जा सकेगी। उद्धव गुट ने सवाल उठाया है कि खेल विभाग की बजाय यह योजना शहरी विकास विभाग क्यों चला रहा है और इससे मिलने वाला राजस्व आखिर किसके पास जाएगा। पार्टी ने चेतावनी दी है कि इससे मुंबई के कई ऐतिहासिक मैदान जैसे शिवाजी पार्क, आज़ाद मैदान और क्रॉस मैदान तक खतरे में आ सकते हैं।सरकार की ओर से कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए यह कदम जरूरी है, लेकिन विपक्ष इसे जमीन कब्जे की राजनीति बता रहा है।अब यह मुद्दा महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा टकराव बन गया है और आने वाले दिनों में विरोध और तेज होने की संभावना है।

## UP में बढ़ी गर्मी की मार: कई जिलों में पारा 40°C के पार, इस साल और बढ़ेगी तपिश

उत्तर प्रदेश में गर्मी ने अब अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं और अप्रैल के महीने में ही हालात जून जैसी गर्मी वाले हो गए हैं। तेज पछुआ हवाओं के कारण प्रदेश के तापमान में अचानक तेजी आई है, जिससे कई जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। खासकर बुंदेलखंड और दक्षिणी यूपी के इलाकों में दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आ रही हैं और लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बांदा 42.6 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा, जबकि झांसी, प्रयागराज, वाराणसी और सुल्तानपुर में भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के मुताबिक, कर्नाटक और महाराष्ट्र के ऊपर बने प्रति-चक्रवात (एंटी-साइक्लोन) का असर अब मध्य भारत होते हुए उत्तर प्रदेश तक पहुंच रहा है, जिसके कारण गर्म और शुष्क हवाएं लगातार बह रही हैं।




यही वजह है कि आने वाले 4 से 5 दिनों में तापमान और बढ़ने का अनुमान है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगले एक हफ्ते में तापमान में 3 से 4 डिग्री तक और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे अधिकांश जिलों में पारा 40°C से ऊपर बना रहेगा। तराई क्षेत्र को छोड़ दें तो पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी का असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने यह भी आशंका जताई है कि इस साल 2025 की तुलना में अधिक गर्मी पड़ सकती है और हीटवेव (लू) के दिनों की संख्या भी बढ़ सकती है।

इसका सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ रहा है—दिन के समय बाजारों में भीड़ कम हो रही है, स्कूलों में बच्चों की तबीयत बिगड़ने के मामले सामने आ रहे हैं और अस्पतालों में हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और थकावट के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। गर्मी के बढ़ते खतरे को देखते हुए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। लोगों से कहा गया है कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें, हल्के और ढीले कपड़े पहनें, ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं और धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखें। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

# Aaj Ka Rashifal 15 April

## इन चार राशि वालों को नौकरी-व्यापार में मिल सकता है अचानक फायदा



15 April Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 15 अप्रैल 2026 का राशिफल।आज वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि रहेगी, जो रात 10 बजकर 31 मिनट तक रहेगी,फिर इसके बाद चतुर्दशी तिथि शुरू हो जाएगी। आज के दिन बुध प्रदोष व्रत, शिवरात्रि और विडाल योग है। ऐसे में आज के दिन कई राशि वालों को सफलता हासिल होगी।

### मेष

आज आपका दिन थोड़ा कमजोर रह सकता है। परिवार में छोटे-छोटे मनमुटाव हो सकते हैं, इसलिए समझदारी और धैर्य से काम लें। धन संबंधी मामलों में अजनबियों पर भरोसा करने से बचें। यदि कोई प्रॉपर्टी डील अटकी हुई है, तो उसे फाइनल करने की कोशिश करेंगे, लेकिन माता जी की सेहत पर ध्यान देना आवश्यक रहेगा। आज आप अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को पूरा करने में समय बिताएंगे।

### वृषभ

आज का दिन धन के मामले में अनुकूल रहेगा। किसी उम्मीद के काम में आपको सफलता और धन लाभ दोनों मिल सकते हैं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें, नहीं तो बाद में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बिजनेस में उठापटक के बावजूद आपको लाभ प्राप्त होगा और परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव से माहौल खुशनुमा रहेगा।

### मिथुन

आज का दिन मिश्रित अनुभवों से भरा रहेगा। लोगों की पहचान करना जरूरी होगा, क्योंकि कुछ दोस्त आपकी राह में रोड़ा अटका सकते हैं। विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखें और भरोसा सोच-समझकर करें। एक साथ कई काम संभालने होंगे। किसी सामाजिक या राजनीतिक आयोजन में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाएगा।

### कर्क

आज का दिन अप्रत्याशित लाभ और नई संभावनाएं लेकर आएगा। निर्णय लेने की आपकी क्षमता मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र में किसी से बेवजह विवाद न करें, नहीं तो बॉस से डांट पड़ सकती है। बिजनेस में रुकी योजनाएं लाभदायक साबित होंगी। विद्यार्थी पूरी मेहनत से परीक्षा की तैयारी करेंगे और सफलता प्राप्त करेंगे। पारिवारिक जीवन में तालमेल बनाकर चलना लाभकारी रहेगा।

### सिंह

आज नए संपर्क और अवसर आपके लिए लाभ लेकर आएंगे। भाग-दौड़ और जल्दबाजी से बचें, नहीं तो मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाए रखने से रिश्तों में स्थिरता आएगी। भाई-बहनों का सहयोग कम रहेगा, लेकिन आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। राजनीतिक या सामाजिक आयोजनों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां मिलने से आपकी स्थिति मजबूत होगी।

### कन्या

आज का दिन थोड़े चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अधूरे कामों को समय से पूरा करने का प्रयास करेंगे। बॉस के साथ मतभेद होने की संभावना है और पुराने निर्णय को लेकर पछतावा हो सकता है। दांत या स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए डॉक्टर से परामर्श लाभकारी रहेगा। बिजनेस में पार्टनरशिप की डील फाइनल करने का अवसर मिलेगा।

### तुला

आज आलस्य को दूर करके आगे बढ़ना आवश्यक है। परोपकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। मनोकामना पूरी होने से खुशी का अनुभव होगा। किसी बात को लेकर पिताजी नाराज हो सकते हैं। विवाह संबंधी बाधाएं दूर हो सकती हैं। पुराने अनुभवों से सबक लें और कर्ज को समय पर चुकाने की पूरी कोशिश करें।

### वृश्चिक

आज का दिन नुकसान और सतर्कता का संकेत देता है। जीवनसाथी से बातचीत में सावधानी रखें। वाद-विवाद और समय पर काम न होने से नुकसान हो सकता है। रहन-सहन में सुधार की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी या आयोजन की योजना बनेगी। वाहन चलाते समय सावधानी आवश्यक है।

### धनु

आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। लेन-देन से जुड़ी समस्याएं हल होंगी। कार्यक्षेत्र में जूनियर्स की मदद लेनी पड़ सकती है। खोई हुई प्रिय वस्तु मिलने की संभावना है। प्रेम जीवन में साथी की बातों पर ध्यान दें और निवेश करते समय सतर्क रहें। मेहनत का फल निश्चित रूप से मिलेगा।

### मकर

आज बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने का दिन है। खर्च और बचत दोनों पर ध्यान देना आवश्यक है। परोपकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। घर में मेहमान का आगमन हो सकता है। जीवनसाथी से चल रहे वाद-विवाद को सुलझाने का प्रयास सफल रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। विदेश से व्यापार करने वालों को खुशखबरी मिल सकती है।

### कुंभ

आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। काम में मुश्किलें आ सकती हैं, इसलिए बिना सोचे-समझे कोई कदम न उठाएं। आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने का समय है। बाहर जाने या यात्रा की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में धोखा मिलने की संभावना को नजरअंदाज न करें।

### मीन

आज का दिन सोच-समझकर काम करने का है। सेहत पर ध्यान दें और परिवार में पैतृक संपत्ति के वाद-विवाद सुलझ सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य से किए वादे को समय पर पूरा करें। राजनीति में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा, जिससे आपकी छवि निखरेगी। घर में पूजा-पाठ का आयोजन भी होने की संभावना है।

**लखीमपुर बवाल: 500 से अधिक उपद्रवी, 35-40 पुलिसवाले,**

# रात में पुलिस पर हमला, होता रहा पथराव-तोड़फोड़ और आगजनी



लखीमपुर खीरी के बांकेगंज इलाके के गांव मोतीपुर में मंगलवार शाम डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा टूटने के बाद जमकर बवाल हुआ। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर पुलिस पर पथराव किया। खदेड़े जाने पर हिंसक भीड़ ने सीओ गोला रमेश तिवारी को दौड़ा लिया और उनकी व नायब तहसीलदार की गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। उन्हें बीच सड़क पर पलट दिया और दो गाड़ियों में आग भी लगा दी।लखीमपुर खीरी के बांकेगंज के मोतीपुर गांव में मंगलवार शाम हुए बवाल के बाद बवालियों ने रात के अंधेरे में पुलिस पर पथराव कर दिया। जब तक पुलिस कुछ समझ पाती, तब तक कई वाहनों में तोड़फोड़ के बाद दो सरकारी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। उग्र प्रदर्शन, आगजनी, पथराव और लाठीचार्ज से दहशत का माहौल बन गया।बाजारों में दुकानें बंद हो गई और लोग घरों में कैद हो गए। करीब 500 प्रदर्शनकारियों से 35-40 पुलिसकर्मी ही मोर्चा लेते दिखे। यही कारण रहा कि प्रदर्शनकारियों से बचने के लिए पुलिस को भी सुरक्षित जगह तलाशनी पड़ी। मैलानी थानाध्यक्ष समेत कई पुलिसकर्मी पथराव में घायल हुए हैं। ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर 10 के मोतीपुर गांव के लोग मंगलवार दोपहर डॉ. भीमराम राव आंबेडकर की जयंती पर माल्यार्पण के बाद जुलूस निकाल रहे थे। इस दौरान शाम करीब चार बजे मूर्ति हटाए जाने और क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना से आक्रोश भड़क गया। घटना की जानकारी संसारपुर चौकी पुलिस को मिली। चौकी के छह सात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे।

# मंडी छात्रा हत्याकांड:

## आरोपी हमेशा रखता था दराट...इसी से किया हमला, पुलिस हत्या की वजह ये मान रही



पुलिस के अनुसार आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है और प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण सनक माना जा रहा है।हिमाचल प्रदेश के सरकाघाट में कॉलेज छात्रा हत्याकांड में पुलिस जांच के दौरान कई नए तथ्य सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है और प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण सनक माना जा रहा है। फिलहाल इस मामले में किसी अन्य पहलू के संकेत नहीं मिले हैं। गिरफ्तार आरोपी को कड़े पहरे में मंगलवार को मंडी स्थित अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से अपने साथ दराट रखता था। इसी को उसने हत्या में इस्तेमाल किया। पुलिस ने दराट बरामद कर लिया है। घटना वाले दिन भी वह दराट लेकर ही पहुंचा और छात्रा पर अचानक हमला कर दिया। उस समय छात्रा फोन पर अपनी सहेली से बात कर रही थी, जिससे वह हमले को भांप नहीं सकी। छात्रा को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना के तुरंत बाद आरोपी घबराकर मौके से भाग गया। पुलिस के पुख्ता सूत्रों की मानें तो एक महिला ने यह पूरी घटना देखी है। यही महिला इस पूरे मामले में अहम कड़ी है।पुलिस ने मंगलवार को घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस टीम आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। शुरुआती पूछताछ में किसी पुरानी रंजिश या विवाद की पुष्टि नहीं हुई है। आरोपी की मानसिक स्थिति और उसकी दिनचर्या को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

# भीड़ को देख गुस्सा हुईं करीना कपूर



करीना कपूर करीना कपूर मुंबई के मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने पहुंचीं, जहां मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच मुकाबला चल रहा था। उनके साथ सैफ अली खान, उनके बेटे तैमूर और जेह, और सैफ के बड़े बेटे इब्राहिम अली खान भी मौजूद थे। इस बीच एक वीडियो सामने आया है, जहां करीना फैंस पर नाराज होती नजर आ रही हैं।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में पूरा परिवार मुंबई इंडियंस की जर्सी पहने स्टैंड्स में मैच एंजॉय करता दिख रहा है। हालांकि, एक वीडियो ऐसा भी सामने आया है जिसमें करीना थोड़ी गुस्सा नजर आ रहीं हैं।इस वीडियो में परिवार लिफ्ट के पास खड़ा दिखता है, तभी अचानक काफी लोग वहां इकट्ठा हो जाते हैं और फोटो लेने की कोशिश करते हैं। इसी भीड़-भाड़ के बीच करीना थोड़ी परेशान दिखती हैं और किसी से गुस्से में बात करती नजर आती हैं। एक समय पर वह सैफ से पूछती हैं, 'क्या हो रहा है?' हालांकि थोड़ी ही देर में मामला शांत हो जाता है

# यामी गौतम से तुलना पर बोलीं मेधा शंकर



एक्ट्रेस मेधा शंकर इन दिनों अपनी फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' को लेकर पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें वह लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी। इस फिल्म के साथ उनकी तुलना बॉलीवुड स्टार यामी गौतम से होना भी तय है, जिन्होंने 'गिन्नी वेड्स सनी' के पहले पार्ट में लीड रोल निभाया था।मेधा ने इन तुलनाओं पर खुलकर बात की है।आईएनएस से खास बातचीत में मेधा ने कहा, 'ऐसा कुछ नहीं है। मैं यामी गौतम और आदित्य धर को बहुत पसंद करती हूं। उन्हें भी पता है कि मैं उन्हें कितना एडमायर करती हूं। मुझे लगता है यामी हमेशा से एक शानदार एक्ट्रेस रही हैं। बस कभी-कभी समय लगता है, पहले शायद उनका समय नहीं था, लेकिन अब उन्हें वह सम्मान मिल रहा है।'लेकिन यह तुलना की बात नहीं है। मैं हमेशा उन लोगों से इंस्पायर होती हूं, जिन्होंने मुझसे पहले, मेरे साथ या मेरे बाद अच्छा काम किया है। मैंने कभी किसी से अपनी तुलना नहीं की, और अगर कोई और करता भी है, तो मुझे उससे कोई फर्क नहीं पड़ता।"

# तृषा कृष्णन के घर को बम से उड़ाने की धमकी



बीते कुछ दिनों से सुर्खियों में चल रही तृषा कृष्णन के घर को पिछले छह महीनों में दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली। बीते कुछ दिनों से एक्ट्रेस का विजय के साथ रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही थीं। इस बीच उन्हें धमकी मिलने पर उनके फैंस भी काफी परेशान हो गए। अक्टूबर 2025 में भी तृषा के घर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जो बाद में फर्जी साबित हुई थी। हाल ही में फिर से तमिलनाडु डीजीपी कंट्रोल रूम को एक मैसेज मिला, जिसमें दावा किया गया कि तृषा के अलवरपेट वाले घर में बम लगाया गया है। इस सूचना के बाद तेयनमपेट पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्निफर डॉग्स और बम स्क्वॉड के साथ पूरे इलाके की जांच की, लेकिन इस बार भी कुछ नहीं मिला और धमकी झूठी निकली।पिछले कुछ समय से फिल्मी सितारों और राजनीतिक हस्तियों को इस तरह की फर्जी धमकियां मिल रही हैं। इससे पहले रजनीकांत और धनुष के घरों को भी बस से उड़ाने के भी ऐसे ही धमकी भरे मैसेज मिल चुके हैं।इस बार भी कुछ नहीं मिला धमकी झूठी निकली।पिछले कुछ समय से फिल्मी सितारों और राजनीतिक हस्तियों को इस तरह की फर्जी धमकियां मिल रही हैं। इससे पहले रजनीकांत और धनुष के घरों को भी बस से उड़ाने के भी ऐसे ही धमकी भरे मैसेज मिल चुके हैं।

# जगन्नाथ मंदिर में गोविंदा ने की पूजा-अर्चना



बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने ओडिशा के पुरी स्थित प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही गोविंदा ने भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया। जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं।जगन्नाथ मंदिर जाने के बाद गोविंदा ने बहुत खुशी जताते हुए ANI से बात करते हुए कहा, 'यहां आने से मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैं हर एक-दो साल में यहां आता रहता हूं, लेकिन आज मुझे इस यात्रा के लिए भगवान का बहुत-बहुत धन्यवाद है।' इस मौके पर गोविंदा सिंपल लाल कुर्ता और सफेद पजामा पहने नजर आए।श्री जगन्नाथ मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध हिंदू मंदिरों में से एक है। यह भगवान विष्णु के रूप भगवान जगन्नाथ को समर्पित है और देशभर से लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन करने आते हैं। श्री जगन्नाथ मंदिर भारत के ओडिशा राज्य के तटवर्ती शहर पुरी में स्थित है। यह हिंदुओं के चार प्रमुख धामों (चार धाम) में से एक है।

# रामायण' के पहले पार्ट में एक बार भी आमने-सामने नहीं आएंगे राम और रावण



फैंडैंगो के साथ बातचीत में यश से पूछा गया कि सेट पर उनका रणबीर कपूर के साथ रिश्ता कैसा है और उन्होंने अपनी केमिस्ट्री कैसे बनाई। इस पर यश ने कहा, 'दिलचस्प बात यह है कि हम दोनों इस फिल्म में कभी भी स्क्रीन पर साथ नहीं आए हैं। जैसा कि आप सभी जानते हैं, यह दो भागों वाली फिल्म है। तो पहले भाग में, रावण का अपना राज्य है और राम का अपना राज्य है।उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन हां, हम कुछ बार मिले हैं, और वह एक शानदार एक्टर हैं। मुझे लगता है कि यह आपसी सम्मान है जो नजर आता है। केमिस्ट्री ऐसी होती है कि जब आप कुछ बड़ा करने के लिए निकलते हैं, और यह 'रामायण' जितनी बड़ी फिल्म है, तो हम सभी का एक ही टारगेट होता है कि इस कहानी को बेहतरीन तरीके से पेश करें। मुझे लगता है हमारी सोच एक जैसी है, इसलिए केमिस्ट्री कोई मुद्दा ही नहीं है। हम इसे एंजॉय कर रहे हैं।'

# Biz Updates:

## डिजिटल भुगतान में भारत का दबदबा

### UPI लेनदेन 228 अरब के पार; भारत बनेगा दूसरा बड़ा सौर ऊर्जा बाजार




### भारत बनेगा दूसरा बड़ा सौर ऊर्जा बाजार

भारत 2026 तक दूसरा बड़ा सौर ऊर्जा बाजार बनने की राह पर है। भारत ने मात्र 14 महीनों में 50 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता जोड़कर अब तक की सबसे तेज वृद्धि हासिल की है। देश का सौर ऊर्जा उत्पादन 150 गीगावाट तक पहुंच गया है। पहले 50 गीगावाट तक पहुंचने में 11 साल लगे थे। आरबीआई ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2019-20 सीरीज-पांच के लिए समयपूर्व मोचन (प्रीमैच्योर रिडेम्पशन) कार्यक्रम घोषित कर दिया है। निवेशक 15 अप्रैल 2026 को अपने बॉन्ड समय से पहले भुना सकेंगे। इसे 15 अक्तूबर 2019 को जारी किया गया था। आईएमएफ ने कहा, यदि पश्चिम एशिया का संघर्ष सीमित अवधि के लिए रहता है, तो विश्व अर्थव्यवस्था की वृद्धि में मामूली नरमी आ सकती है। 2026 में वैश्विक वृद्धि दर 3.1 फीसदी और 2027 में 3.2 फीसदी रहने का अनुमान है।

भारत में छोटे लेनदेन के लिए यूपीआई का चलन तेजी से बढ़ा है। इंडिया डिजिटल पेमेंट्स 2025 रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआई के जरिये 2025 में 228.5 अरब लेनदेन दर्ज किए। कुल लेनदेन मूल्य बढ़कर 299.74 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इस बीच, औसत लेनदेन आकार लगातार घट रहा है, जो इस बात का संकेत है कि अब छोटी खरीदारी में भी यूपीआई का चलन बढ़ रहा है। व्यापारिक लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। व्यक्ति-से-व्यापारी (पीटूएम) भुगतान 34 फीसदी बढ़कर 143.82 अरब हो गया। यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या बढ़कर 73 करोड़ से अधिक हो गई है, जबकि पॉइंट-ऑफ-सेल टर्मिनल की संख्या 1.14 करोड़ से अधिक पहुंच गई है। जहां यूपीआई छोटे भुगतान में अग्रणी बना हुआ है, वहीं क्रेडिट कार्ड का उपयोग बड़े लेनदेन में बढ़ रहा है। 2025 में क्रेडिट कार्ड लेनदेन 27 फीसदी बढ़कर 5.69 अरब हो गया,

# Crisis: तेल कंपनियों का घाटा बढ़ा,

### पेट्रोल पर 18 डीजल पर 35 रुपये/लीटर का नुकसान; चुनाव के बाद समीक्षा संभव



कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर हैं, जिससे सरकारी तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनियां प्रति लीटर भारी नुकसान उठा रही हैं और मार्च तिमाही में घाटे की आशंका है, जो अर्थव्यवस्था और बैंकिंग सेक्टर को प्रभावित कर सकता है। चुनाव के बाद सरकार कर सकती है पेट्रोल-डीजल कीमतों की समीक्षा कर सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव के बावजूद सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे उनके मार्जिन पर दबाव बढ़ गया है। तेल कंपनियों को पेट्रोल पर लगभग 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर करीब 35 रुपये प्रति लीटर तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। मार्च में हुए भारी घाटे ने जनवरी और फरवरी के मुनाफे को लगभग खत्म कर दिया है, जिसके चलते जनवरी-मार्च तिमाही में इन कंपनियों के नुकसान में जाने की आशंका जताई जा रही है। तेल कंपनियों को पेट्रोल पर लगभग 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर करीब 35 रुपये प्रति लीटर तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### बढ़ सकता है कंपनीयों का घाटा

वित्तीय सेवा कंपनी मैक्वेरी की रिपोर्ट के अनुसार, कच्चे तेल की कीमत 135-165 डॉलर प्रति बैरल रहती है तो यह घाटा और बढ़ने की आशंका है। क्रूड में हर 10 डॉलर की बढ़ोतरी से प्रति लीटर नुकसान करीब 6 रुपये तक बढ़ सकता है। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने अप्रैल 2022 के बाद खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। मार्च तक तीनों कंपनियों का संयुक्त दैनिक नुकसान करीब 2,400 करोड़ रुपये था। केंद्र सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती के बाद ये घटकर रोजाना लगभग 1,600 करोड़ रह गया है। भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद कच्चे तेल के झटकों को काफी हद तक संभाल सकती है। हालांकि, अगर औसत मूल्य 130 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना रहता है तो देश की आर्थिक वृद्धि दर लगभग 0.8 फीसदी कम हो सकती है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के अनुसार, 2026-27 के दौरान तेल कंपनियों की परिचालन आय में 15 से 25 फीसदी तक गिरावट आ सकती है। इसके चलते कॉरपोरेट कर्ज और बैंकिंग क्षेत्र पर दबाव बढ़ सकता है।

# Gold-Silver Price

### पश्चिम एशिया के नाजुक हालात के बीच सोने-चांदी में जोरदार तेजी

## जानिए सर्राफा बाजार का हाल



पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका-ईरान युद्धविराम की खबरों के बीच सोने और चांदी की कीमतों में भारी तेजी दर्ज की गई है। बाजार के रुझान, निवेश का आउटलुक और सर्राफा बाजार की सटीक जानकारी के लिए पढ़ें पूरी खबर। पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच संभावित युद्धविराम की खबरों का सीधा असर सर्राफा बाजार पर दिख रहा है। कमजोर होते अमेरिकी डॉलर और कूटनीतिक स्तर पर बन रही उम्मीदों के चलते शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया, जबकि सोना भी मजबूत होकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया है। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को चांदी की कीमत 3,800 रुपये या 1.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई, जिससे गुरुवार की गिरावट (2,43,200 रुपये प्रति किलोग्राम) की पूरी तरह भरपाई हो गई। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 400 रुपये बढ़कर 1,55,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,54,900 रुपये के स्तर पर थी। इस तेजी ने कीमती धातुओं के लिए एक बेहद मजबूत सप्ताह का समापन किया है। पूरे कारोबारी हफ्ते के दौरान चांदी की कीमत में 10,000 रुपये (4.2 प्रतिशत) और सोने में 3,800 रुपये (2.51 प्रतिशत) की शानदार साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य में ट्रांजिट शुल्क लगाने को लेकर ईरान को दी गई चेतावनी ने ऊर्जा बाजारों में अनिश्चितता बढ़ा दी है।

# संकट में सोने का सहारा:

### गोल्ड ETF निवेश 6 गुना बढ़कर 31561 करोड़, प्रबंधित परिसंपत्तियां 1.71 लाख करोड़ पहुंचीं




वैश्विक अनिश्चितताओं और बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच निवेशकों ने सुरक्षित विकल्प के रूप में गोल्ड ईटीएफ में भारी निवेश किया है, जहां जनवरी-मार्च 2026 में इसमें 31,561 करोड़ रुपये का निवेश दर्ज हुआ जो पिछले साल की तुलना में कई गुना अधिक है। इसी अवधि में गोल्ड ईटीएफ की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां भी बढ़कर 1.71 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जिससे साफ है कि सोने में निवेश की मांग तेजी से बढ़ी है। पढ़िए रिपोर्ट-वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों ने सुरक्षित विकल्प के रूप में सोने जैसी कीमती धातु पर भरोसा जताया है। जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में गोल्ड ईटीएफ (गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) में जबरदस्त निवेश देखने को मिला। भारतीय म्यूचुअल फंड संघ (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च अवधि के दौरान गोल्ड ईटीएफ में कुल 31,561 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले करीब छह गुना अधिक है। जनवरी-मार्च 2025 में यह आंकड़ा 5,654 करोड़ रुपये था। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट की वरिष्ठ विश्लेषक नेहल मेश्राम ने कहा, जनवरी में निवेश में असामान्य उछाल मुख्य रूप से जोखिम से बचाव की रणनीति, पोर्टफोलियो पुनर्संतुलन और सोने की कीमतों में तेजी के कारण आया।

## IPL 2026: 18 साल में पहली बार हुआ ऐसा! KKR के नाम जुड़ा अनचाहा रिकॉर्ड CSK इस सीजन ऐसा करने वाली पहली टीम बनी

सीएसके बनाम केकेआर मुकाबले के आंकड़े बताते हैं कि चेन्नई का कोलकाता पर हमेशा दबदबा रहा है, खासकर चेपॉक में। वहीं केकेआर इस समय लगातार हार के दौर से गुजर रही है, जिससे उनकी स्थिति और कमजोर हो गई है। आईपीएल 2026 में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को एक और बार हार का सामना करना पड़ा। यह इस सीजन पांच मैचों में उनकी चौथी हार रही। एक मैच बेनतीजा रहा है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स ने इस सीजन पांच मैचों में लगातार दूसरी जीत हासिल की। इस हार के साथ केकेआर ने अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम किया। टीम 18 साल में और 19 सीजन में पहली बार अपने शुरुआती पांच मैचों में से एक भी नहीं जीत पाई है। तीन बार की चैंपियन को इस सीजन मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जाएंट्स और सीएसके से हार का सामना करना पड़ा है। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनका मुकाबला बारिश से धुल गया था।



इतना ही नहीं सीएसके ने 193 रन के लक्ष्य का बचाव कर भी एक रिकॉर्ड बनाया। यह टीम इस सीजन 200 से कम का टारगेट देकर जीत हासिल करने वाली पहली टीम बनी। इस सीजन अब तक आठ बार टीमों ने 200 से कम का लक्ष्य दिया है और सिर्फ सीएसके ने ही इसका सफलतापूर्वक बचाव किया है। बाकी सात मौकों पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को हार मिली यानी स्कोर आसानी से चेज हो गए। इस लिस्ट में राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला शामिल नहीं है, क्योंकि वह मैच 11-11 ओवर का हुआ था।

## IPL 2026: चार हार के बाद BCCI की मार! KKR के कप्तान रहाणे पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना क्या है पूरा मामला?

केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर स्लो ओवर रेट के कारण बीसीसीआई ने 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। टीम पहले ही लगातार पांच मैच हार चुकी है और अंक तालिका में सबसे नीचे है। सीएसके के खिलाफ भी हार के बाद केकेआर की समस्याएं बढ़ गई हैं, जबकि रहाणे के सामने अब टीम को संभालने की बड़ी चुनौती है। आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। टीम जहां पांच मैचों में जीत का खाता नहीं खोल पाई है, वहीं कप्तान अजिंक्य रहाणे की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। खराब प्रदर्शन के बीच अब उन पर बीसीसीआई ने जुर्माना भी ठोका है। बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने रहाणे को आचार संहिता के उल्लंघन



के लिए दंडित किया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है।' आगे बताया गया, 'यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध है, इसलिए उन्हें 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।' रहाणे की कप्तानी में केकेआर का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीत सकी है और अंक तालिका में सबसे नीचे बनी हुई है। ताजा मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ भी टीम को 32 रन से हार का सामना करना पड़ा

## CSK vs KKR: सीएसके के खिलाफ केकेआर के बल्लेबाजों ने किया निराश अब तक नहीं खुला जीत का खाता नूर अहमद चमके

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम आईपीएल 2026 में अब तक एक भी जीत नहीं दर्ज कर सकी है। उसे मंगलवार को खेले गए मुकाबले में सीएसके के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में केकेआर की बल्लेबाजी बेहद खराब रही। नूर अहमद की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 32 रनों से हरा दिया। सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में केकेआर की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन ही बना सकी। कोलकाता की टीम आईपीएल 2026 में अब तक एक भी मैच नहीं जीत सकी है, जबकि सीएसके की यह लगातार दूसरी जीत है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर ने इस मैच में ओपनिंग जोड़ी में बदलाव किया। केकेआर के लिए पारी की शुरुआत करने फिन एलेन के साथ सुनील नरेन आए। केकेआर ने ओपनिंग जोड़ी में



बदलाव किया क्योंकि अब तक एलेन और अजिंक्य रहाणे ओपनिंग के लिए उतर रहे थे। हालांकि, उसका यह प्रयोग भी काम नहीं आया क्योंकि एलेन सस्ते में आउट हो गए। केकेआर की बल्लेबाजी इतनी खराब रही कि उसने छह विकेट 90 रन पर ही गंवा दिए। रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन ने सबसे ज्यादा निराश किया। नूर अहमद ने लगातार दो गेंदो पर केकेआर को दो झटके दिए। नूर ने पहले रहाणे को आउट किया और फिर ग्रीन को बोल्ड कर पवेलियन की राह दिखाई। नूर हालांकि, हैट्रिक पूरी नहीं कर सके। इसके बाद रमनदीप और रोवमैन पॉवेल ने सातवें विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की लेकिन टीम के हाथ से मैच तब तक पूरी

## RCB vs LSG Playing 11: लखनऊ के खिलाफ क्या हेजलवुड को मौका देगी आरसीबी? जानें दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

RCB vs LSG Playing 11 Today Prediction: गत चैंपियन आरसीबी का सामना बुधवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। आरसीबी अच्छी फॉर्म में है, जबकि लखनऊ भी वापसी करने का मौका खोज रही है। आईपीएल 2026 में बुधवार को गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। आरसीबी अभी छह अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर हैं और चार अन्य टीमें चार-चार अंकों के साथ उसका पीछा कर रही हैं। बेंगलुरु की टीम शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स से दो अंक और पंजाब किंग्स से एक अंक पीछे है। लेकिन सच्चाई यह है कि आईपीएल के इस सत्र में आरसीबी के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के मन में जितना खौफ पैदा किया है, उतना कोई अन्य टीम नहीं कर पाई है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और सभी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह उसके शीर्ष पांच बल्लेबाजों के स्ट्राइक रेट में साफ झलकता



विराट कोहली (स्ट्राइक रेट 162), फिल सॉल्ट (178), रजत पाटीदार (214), टिम डेविड (221) और देवदत्त पडिक्कल (201) ने आईपीएल 2026 में सभी टीमों के गेंदबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश की है। इन पांचों बल्लेबाजों ने मिलकर चार मैचों में कुल 52 छक्के जड़े हैं। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक आरसीबी ने सर्वाधिक छक्के जड़े हैं। वहीं, उसकी गेंदबाजी भी ठीक है। टीम ने पिछले मैच में जोश हेजलवुड को प्लेइंग-11 से बाहर रखा था और माना जा रहा है कि वह लखनऊ के खिलाफ भी नहीं खेलेंगे। आरसीबी अपने घरेलू मैदान पर अगले तीन मैच में भी परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाना चाहेगा।

## प्रफुल्ल हिंगे की कहानी: IPL डेब्यू पर बेटे की सफलता से भावुक हुए पिता मैकग्रा कनेक्शन ने निभाई अहम भूमिका

सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज प्रफुल्ल हिंगे ने आईपीएल में अपने डेब्यू मैच में ही प्रभावित किया। प्रफुल्ल आईपीएल इतिहास में पहले ओवर में तीन विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। प्रफुल्ल की सफलता पर उनके पिता भी खुश हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज प्रफुल्ल हिंगे ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के मैच में धमाल मचा दिया। अपने आईपीएल करियर का पहला ओवर डालने आए प्रफुल्ल ने शुरुआती ओवर में ही तीन विकेट झटक कर राजस्थान की पारी लड़खड़ा दी थी। सनराइजर्स हैदराबाद को मिली जीत में प्रफुल्ल हिंगे का योगदान सबसे अहम रहा जिन्होंने चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट लिए। प्रफुल्ल ने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच से आईपीएल में डेब्यू किया था, लेकिन उन्हें उस मैच में गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला था क्योंकि वह इम्पैक्ट प्लेयर की लिस्ट में थे और मैदान पर नहीं उतरे थे। स लिहाज से प्रफुल्ल का राजस्थान के खिलाफ मैच आईपीएल करियर का डेब्यू मुकाबला रहा। प्रफुल्ल अपने डेब्यू मैच में ही जलवा बिखेरने में सफल रहे और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



प्रफुल्ल की सफलता पर उनके पिता प्रकाश हिंगे खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं, उनके बेटे प्रफुल्ल की उपलब्धि का जश्न मनाते समय वह अपने शब्दों के चयन और उत्साह की अभिव्यक्ति में बहुत संयम बरतते हैं। दरअसल हिंगे परिवार को यह भी नहीं पता था कि उनका बेटा सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगा या नहीं। अकाउंटेंट के पद पर काम कर चुके प्रकाश ने कहा, हमें पता था कि इम्पैक्ट प्लेयर्स की सूची में होने के कारण उसे पंजाब के खिलाफ खेलना था। हम उससे कभी नहीं पूछते कि वह खेल रहा है या नहीं। वह सोने से पहले हर दिन रात 10 बजे फोन करता है। हमारे बीच बस सामान्य बातचीत होती है जैसे खाना खाया। कल जब मैच का प्रसारण शुरू हुआ तो हमने टीवी पर देखा कि वह डेब्यू करेगा, इसलिए हम खुश थे। नागपुर के रहने वाले प्रकाश ने उस समय को याद किया जब उन्होंने अपने बेटे प्रफुल्ल की क्रिकेट में रुचि को देखते हुए उसे स्थानीय जिमखाना क्लब में दाखिला दिलाया था। तब वह लगभग 13 साल का था। प्रकाश ने कहा, मैं अपने मोहल्ले की गलियों में खेलता था। मेरे बेटे को इसमें रुचि थी, इसलिए मैंने उसे एक स्थानीय अकादमी में दाखिला दिला दिया। मैंने उसे जरूर संतुलन बनाए रखने के लिए कहा लेकिन साथ ही मैं उसे अपना रास्ता चुनने की स्वतंत्रता भी देना चाहता था। एक बार जब प्रफुल्ल विदर्भ की अंडर-16 टीम में शामिल हो गए, तो फिर उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज प्रशांत वैद्य ने प्रफुल्ल को चेन्नई स्थित एमआरएफ पेस फाउंडेशन में भेजने की सलाह दी। तमिलनाडु के पूर्व बल्लेबाज सेंथिलनाथन ने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज मैकग्रा को श्रेय दिया, जिन्होंने प्रफुल्ल की

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

















